Literacy for a Billion

Movie: Ek Phool Do Mali
Year: 1969

Song: Yeh Parda Hata Do
Lyricist: Prem Dhawan

ये परदा हटा दो
ज़रा मुखड़ा दिखा दो
ये परदा हटा दो
ज़रा मुखड़ा दिखा दो
हम प्यार करनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं
अरे हम तुमपे मरनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं

ओ मजनूँ के नाना
मेरे पीछे ना आना
जा प्यार करनेवाले
तेरी ख़ैर नहीं
अरे ओ हमपे मरनेवाले
तेरी ख़ैर नहीं

ये परदा हटा दो

शुकर करो के पड़े नहीं हैं
मेरी माँ के डंडे
एक हाथ में हो जाते
अरमान तुम्हारे ठंडे

शुकर करो के पड़े नहीं हैं
मेरी माँ के डंडे
एक हाथ में हो जाते
अरमान तुम्हारे ठंडे

माँ को भी समझा दो
बस इतना बता दो
हम प्यार करनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं
अरे हम तुमपे मरनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं

ओ मजनूँ के नाना
मेरे पीछे ना आना
जा प्यार करनेवाले
तेरी ख़ैर नहीं
अरे ओ हमपे मरनेवाले
तेरी ख़ैर नहीं

ये परदा हटा दो

जहाँ मिले दो जवाँ नज़र
होती तकरार वहीं है
दिल पर रखकर हाथ ये कह दो
हमसे प्यार नहीं है

जहाँ मिले दो जवाँ नज़र
होती तकरार वहीं है
दिल पर रखकर हाथ ये कह दो
हमसे प्यार नहीं है

दिल की बातें दिलवाले
नज़रों से ही पहचानते
दिल की बातें दिलवाले
नज़रों से ही पहचानते

Literacy for a Billion

लेकिन कुछ ऐसे हैं अनाड़ी
जो ये भी ना जानते
ये पहले बताते
बारात लेके आते

हम प्यार करनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं
अरे हम तुमपे मरनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं

ओ मजनूँ के नाना

हम प्यार करनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं
अरे हम तुमपे मरनेवाले हैं
कोई ग़ैर नहीं

ये परदा हटा दो

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.